मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-269
25/04/2026

गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने से 03 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत

- **आपदा प्रबंधन विभाग को मृतकों के आश्रितों को 04–04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश।**

पटना, 25 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर के नवगछिया के रंगरा प्रखंड अंतर्गत झल्लूदास टोला स्थित गंगा घाट पर नहाने के दौरान गंगा नदी में डूबने से एक ही परिवार के 03 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है।

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग को मृतकों के आश्रितों को 04–04 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******